नव प्रदेश

www.navpradesh.com | रायपुर, रविवार 4 जुलाई 2021, शुक्ल पक्ष-दशमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-145 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की पाकिस्तान परस्ती और आतंकवादियों के प्रति हमदर्दी फिर एक बार सामने आई है। भारतीय सुरक्षा बलो द्वारा कश्मीर में पांच आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराए जाने पर उन्होने सवाल उठाए है। इसके पहले भी वे आतंकवादियों की हिमायत करती रही है और पाकिस्तान के कसीदे पढ़ती रही है। लगता है एक साल से अधिक समय तक नजरबंद रहने के बाद भी उनकी आंखें नहीं खुली है। रस्सी जल गई है लेकिन ऐठन नहीं गई है। अब समय आ गया है कि आतंकवादियों के साथ ही उनके ऐसे हिमायतियों का भी हिसाब किया जाएं।

चेतावनी: कोविड के बेहद 'खतरनाक दौर' में दुनिया : डब्ल्यूएचओ

भारत में पहली बार मिले कोरोना के डेल्टा वेरिएंट को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुखिया ने चेतावनी दी

■ **टेड्रोस अदहानोम गेब्रेयेसस ने कहा कि डेल्टा जैसे स्वरूप अधिक संक्रामक हैं और वक्त के साथ लगातार बदल रहे**

संयुक्त राष्ट्र/जिनेवा/वार्ता। भारत में पहली बार मिले कोरोना वायरस के डेल्टा वेरिएंट को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुखिया ने चेतावनी दी है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अदहानोम गेब्रेयेसस ने आगाह किया कि दुनिया कोविड-19 महामारी के बेहद 'खतरनाक दौर' में है जिसके डेल्टा जैसे स्वरूप अधिक संक्रामक हैं और वक्त के साथ लगातार बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन देशों की कम आबादी को टीके लगे हैं वहां अस्पतालों में फिर

से मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।

'घरों को हवादार रखने की पर्याप्त व्यवस्था अहम'

डब्ल्यूएचओ चीफने कहा, 'जन स्वास्थ्य और सामाजिक उपाय जैसे कि कड़ी निगरानी, जांच, शुरुआती स्तर पर बीमारी का पता लगाना, पृथक वास और चिकित्सीय देखभाल अब भी महत्वपूर्ण हैं।' डब्ल्यूएचओ महानिदेशक ने कहा कि मास्क लगाना, सामाजिक दूरी, भीड़भाड़ वाली जगहों से बचना और घरों को हवादार रखने की पर्याप्त व्यवस्था अहम है। उन्होंने दुनियाभर के नेताओं से अनुरोध किया कि वे एक साथ मिलकर यह सुनिश्चित करें कि अगले साल तक हर देश की 70 प्रतिशत आबादी को कोविड-19 रोधी टीका लग जाए।

टेड्रोस ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'डेल्टा जैसे स्वरूप अधिक संक्रामक है और कई देशों में यह फैल रहा है। इसी के साथ ही हम इस महामारी के बहुत खतरनाक दौर में हैं।' गेब्रेयसस ने कहा, 'कोई भी देश अभी तक खतरे से बाहर नहीं है। डेल्टा स्वरूप खतरनाक है और यह वक्त के साथ और बदल रहा है जिस पर लगातार नजर रखने की जरूरत है।' उन्होंने कहा कि डेल्टा स्वरूप कम से कम 98 देशों में पाया गया है और उन देशों में तेजी से फैल रहा है जहां कम और ज्यादा टीकाकरण हुआ है।

उन्होंने कहा, 'महामारी को खत्म करने, लोगों की जान बचाने, वैश्विक आर्थिक बहाली तथा खतरनाक स्वरूपों को पैदा होने से रोकने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत-फ्रांस राफेल डील में बड़ा ऐक्शन

36 राफेल की जांच के लिए फ्रांस ने नियुक्त किए जज

■ **7.8 बिलियन यूरो का सौदा लंबे समय से भ्रष्टाचार के आरोप और विवादों में फंसा**

पेरिस/ए.। फ्रांस ने भारत को बेचे गए 36 राफेल लड़ाकू विमानों की डील में भ्रष्टाचार की जांच करने के लिए एक जज की नियुक्ति की है। फ्रांस की पब्लिक प्रॉसिक्यूशन सर्विसेज की फाइनेंशियल क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को कहा कि एक फ्रांसीसी न्यायाधीश को भ्रष्टाचार के संदेह पर भारत को राफेल लड़ाकू विमानों की विवादास्पद मल्टी-अरब डॉलर की डील की जांच करने का काम सौंपा गया है। ये डील 2016 में हुई थी।

भारत सरकार और फांसीसी विमान निर्माता कंपनी डसॉल्ट के बीच 36 विमानों के लिए 7.8 बिलियन यूरो (9.3 बिलियन डॉलर) का सौदा लंबे समय से भ्रष्टाचार के आरोप और विवादों में फंसा हुआ है। पीएनएफ ने शुरुआत में डील की जांच करने से इनकार कर दिया था। फ्रांसीसी जांच वेबसाइट मीडियापार्ट ने पीएनएफ और फ्रांसीसी भ्रष्टाचार निरोधी एजेंसी पर सितंबर 2016 में हुए इस डील में उपजे संदेह को दफनाने का आरोप लगाया था। अप्रैल में, मीडियापार्ट ने दावा किया कि डील कराने के लिए डसॉल्ट ने बिचौलिए को लाखों यूरो कमीशन दिए थे। ये कमीशन उन भारतीय अधिकारियों को रिश्वत के रूप में दिए जाने थे, जिन्होंने डसॉल्ट को राफेल की बिक्री कराने में मदद की थी। हालांकि, डसॉल्ट ने कहा था कि ग्रुप के ऑडिट रिपोर्ट में इस तरह के किसी भी गलत काम के बारे में कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं।

इन रिपोर्टों के बाद, फ्रांस की एनजीओ शेरपा, जो वित्तीय अपराध में विशेषज्ञता रखता है, ने अन्य आरोपों के बीच भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग से जुड़ी एक आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई थी। इसी के बाद सौदे की जांच के लिए एक जज को नामित किया गया है। शेरपा ने 2018 में पहले ही सौदे की जांच के लिए कहा था, लेकिन पीएनएफ ने कोई कार्रवाई नहीं की। अपनी पहली शिकायत में, एनजीओ ने इस तथ्य की निंदा की थी कि डसॉल्ट ने अरबपति अनिल अंबानी की अध्यक्षता वाले रिलायंस समूह को अपने भारतीय भागीदार के रूप में चुना, जो प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के करीबी हैं।

कांग्रेस ने राफेल सौदे को लेकर झूठ और भ्रम फैलाने की कोशिश की: भाजपा

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा है कि राफेल सौदे को लेकर कांग्रेस ने झूठ बोला है और भ्रम फैलाने की कोशिश की है। शनिवार को यहाँ भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, कांग्रेस पार्टी आज झूठ और भ्रम की पर्यायवाची बन चुकी है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राफेल सौदे को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर जो भ्रम फैलाने की कोशिश की थी, वह भी उनके काम नहीं आई थी। जनता की अदालत में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुत बड़ी जीत हुई और हमारी सरकार बनी।

खास-खबर

धामी रविवार को लेंगे सीएम पद की शपथ

देहरादून (वार्ता)। उत्तराखंड के ग्याहरवें मुख्यमंत्री के रूप में पुष्कर सिंह धामी रविवार को शपथ लेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने यूनीवार्ता को बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को राज्यपाल बेबी रानी मौर्य को पत्र सौंप कर, खटीमा से विधायक पुष्कर सिंह धामी को विधान मंडल दल का नेता चुने जाने की जानकारी दी है।

संस्कृति की रक्षा करें : नायडू

नई दिल्ली (वार्ता)। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने लुप्तप्राय भारतीय भाषाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि इन्हें संरक्षित करने के लिए ठोस कार्रवाई और एकजुट प्रयास किये जाने चाहिए। श्री नायडू ने वर्चुअल रूप में सिंगापुर में सामाजिक संगठन श्री सांस्कृतिक कला सारथी के प्रथम वर्षगांठ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा हमारी भाषाओं का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक परंपराओं की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

व्यापारियों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : पीएम मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार व्यापारियों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर कदम उठा रही है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के खुदरा और थोक व्यापार को एमएसएमई के तहत लाने के निर्णय पर टिप्पणी करते हुए श्री मोदी ने शनिवार को ट्वीट कर कहा, ÷हमारी सरकार ने खुदरा और थोक व्यापार को एमएसएमई के तहत लाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इससे करोड़ों व्यापारियों को आसानी से ऋण मिलेगा। साथ ही उन्हें कई ऐसी योजनाओं का फायदा भी मिलेगा जिससे वे अपने व्यवसाय को बढ़ा सकेंगे। हम अपने व्यापारियों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए खुदरा और थोक व्यापार को एमएसएमई के रूप में शामिल करने के लिए संशोधित दिशानिर्देशों की घोषणा की थी।

आमिर खान और किरण राव हुए अलग, बोले-

....अब हम जिंदगी में नए अध्याय की करेंगे शुरुआत

नई दिल्ली/ए.। आमिर खान और किरण 15 साल के सफर के बाद अलग हो गए हैं। दोनों ने एक संयुक्त वक्तव्य जारी कर अपने तलाक की जानकारी दी है। बॉलीवुड एक्टर आमिर खान और किरण राव की शादी 2005 में हुई थी। दोनों के एक बेटा आजाद भी है जिसका जन्म सरोगेसी से हुआ है। किरण राव की मुलाकात आमिर खान से आशुतोष गोवारिकर की फिल्म लगाने के दौरान हुई थी। 'लगान' फिल्म में किरण राव असिस्टेंट डायरेक्टर थीं। यह आमिर खान की दूसरी शादी थी। इससे पहले आमिर खान ने रीना दत्ता से शादी की थी और उनके साथ भी 15 साल बाद उनका तलाक हो गया था। आमिर खान की पहली शादी से उनके एक बेटा और बेटी है। आमिर खान और किरण राव ने संयुक्त वक्तव्य में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार की सख्ती के बाद गूगल, फेसबुक और इंस्टाग्राम ने हटाए आपत्तिजनक पोस्ट

नई दिल्ली/ए.। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सरकार की सख्ती का असर दिखने लगा है। गूगल, फेसबुक और इंस्टाग्राम ने अब अपने प्लेटफॉर्म से आपत्तिजनक पोस्ट हटाए हैं। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने नये आईटी नियमों के तहत गूगल, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों द्वारा आपत्तिजनक पोस्ट स्वतः हटाने पर अपनी पहली अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित करने के लिए उनकी तारीफ की और इसे पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम बताया।

अब इन तीनों मंचों द्वारा अनुपालन रिपोर्ट जारी करने से ट्विटर पर दबाव बढ़ सकता है जिसका नये नियमों को लेकर केंद्र सरकार के साथ गतिरोध बना हुआ है। सरकार ने देश के नये आईटी नियमों का अनुपालन नहीं करने पर तथा इसके लिए अधिकारियों की नियुक्ति नहीं करने पर ट्विटर से नाराजगी जताई थी। फेसबुक ने शुक्रवार को अपनी पहली मासिक अनुपालन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आईटी नियमों का पालना अच्छी पहल

बता दें कि नये सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों के तहत 50 लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं वाले बड़े डिजिटल मंचों को हर महीने अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित करनी होगी जिसमें प्राप्त शिकायतों और उन पर की गयी कार्रवाई का उल्लेख किया गया हो।रविशंकर प्रसाद ने ट्वीट किया कि 'गूगल, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे महत्वपूर्ण सोशल मीडिया मंचों को नये आईटी नियमों का पालन करते देखना सुखद है। उनके द्वारा नये आईटी नियमों के अनुसार आपत्तिजनक पोस्ट को स्वतः हटाने पर पहली अनुपालन रिपोर्ट का प्रकाशन पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम है।

रामदेव ने कोरोनिल बेचने फैलाया झूठ, सुको न दें राहत: डीएमए

नई दिल्ली/ए.। एलोपेथी पर विवादित टिप्पणी करने के बाद से बाबा रामदेव की मुसीबतें कम होने की नाम नहीं ले रही हैं। अलग-अलग राज्यों में डॉक्टरों द्वारा उन पर मुकदमें किये गए हैं, इनसे राहत पाने के लिए बाबा रामदेव सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हुए हैं, जहां उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में रिट एप्लीकेशन के माध्यम से रिक्वेस्ट की है कि अलग-अलग राज्यों में उनके खिलाफ की गई एफआईआर पर रोक लगाई जाए और प्राथमिकी को दिल्ली स्थानांतरित कर दिया जाए। अब दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन में इसमें भी अड़ंगा डालने का मन बना लिया है। दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका डालकर रिक्वेस्ट की है कि बाबा रामदेव द्वारा दाखिल की गई याचिका में उसे भी एक पक्षकार के रूप में शामिल किया जाए। अर्जी में डीएमए ने कहा है कि इस मामले में स्वामी रामदेव को कोई भी राहत नही दी जानी चाहिए। दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन ने अपनी याचिका में कहा है कि बाबा रामदेव ने कोरोना वैक्सीन के खिलाफ झूठा प्रोपेगंडा फैलाया है और केंद्र द्वारा स्वीकृत किये गए कोविड ट्रीटमेंट के खिलाफ झूठा प्रचार किया है। याचिका में कहा गया है कि बाबा रामदेव ने ऐसा झूठा प्रचार अपनी पतंजली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चीन ने लद्दाख में तैनात किए 50 हजार सैनिक, एक्शन में आई भारतीय सेना

पेइचिंग/ए.। लद्दाख में जारी सीमा विवाद को सुलझाने के लिए बैठकों की दौर के बीच चीन ने बॉर्डर पर सैनिकों का जमावड़ा बढ़ा दिया है। यही कारण है कि भारत को भी मिरर डिप्लॉयमेंट पॉलिसी के तहत 50 हजार जवानों को तैनात करना पड़ा। भारत-चीन सीमा पर सैनिकों की इस तैनाती को दशक का सबसे बड़ा सैन्य तनाव बताया जा रहा है। पिछले साल जून मे गलवान हिंसा के बाद से दोनों देशों की सेनाएं पूरी तैयारी के साथ सीमा पर डटी हुई हैं।

पिछले साल से 15 हजार ज्यादा चीनी सैनिक

चीन के खिलाफभी 'ऑफेंसिव डिफेंस' स्ट्रैटिजी

भारत ने चीन के खिलाफऑफेंसिव डिफेंस रणनीति को अपनाया हुआ है। यही कारण है कि लद्दाख में भारतीय सेना ने भी जवानों और हथियारों की भारी तैनाती की हुई है। भारत ने पहले सीमा पर चीनी अतिक्रमण रोकने के लिए सैनिक तैनात कर रखे थे, लेकिन अब दल-बल में भारी वृद्धि करके जवाबी हमला करने और चीनी सीमा में प्रवेश करने की क्षमता भी हासिल कर ली है।

सीमा पर दोनों देश कर रहे हथियारों की तैनाती

यही कारण है कि चीन की संदिग्ध हरकतों को देखकर भारत ने भी सीमा पर नए नए हथियारों की तैनाती शुरू कर दी है। भारतीय सेना लद्दाख के ऊंचाई वाले इलाकों में चीन से निपटने के लिए के-9 वज्र हॉवित्जर को तैनात किया हुआ है। इसके अलावा टी-90 भीष्म, पिनाका रॉकेट, राफेल, अपाचे, चिनूक जैसे घातक हथियारों को भी बॉर्डर इलाके में रखा गया है। भारतीय सेना रूस में बने लाइटवेट Sprut-SD टैंक को खरीदने पर विचार कर रही है। इतना ही नहीं, इजरायल से खरीदे गए चार हेरोन टीपी ड्रोन को भी एलएसी से एलओसी तक की निगरानी के लिए तैनात किया जाएगा।

सुझाव

बस्तर अंचल में युवाओं को शासकीय निर्माण कार्यों में बनाए भागीदार

खेतों के ढ़लान वाले हिस्से में बनाएं कुंआ और तालाब : सीएम

■ **आंगनबाड़ियों को बच्चों के लिए आकर्षक बनाएं**

■ **पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के काम-काज की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य में खेती-किसानी को समृद्ध बनाने के लिए सिंचाई जरूरी है। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को मनरेगा के तहत किसानों के खेत के निचले हिस्से में कुंआ और तालाब (डबरी) का निर्माण कराने के निर्देश दिए ताकि खेतों के ऊपरी हिस्से का वर्षा जल कुंओं और तालाब में संग्रहित हो सके। जिससे किसान आवश्यकता के अनुसार पानी लिफ्ट कर सिंचाई कर सके। उन्होंने आवश्यकतानुसार किसानों को पंप उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने वन अधिकार अधिनियम के तहत वनभूमि के पट्टाधारी कृषकों को भी सिंचाई सुविधा के लिए कुंआ एवं तालाब से लाभान्वित किए जाने की बात कही। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव, कृषि एवं जलसंसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमती रेणु जी पिल्ले, सचिव श्री आर. प्रसन्ना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को वर्षा जल के संग्रहण एवं भू-जल संवर्धन के लिए नालों में स्माल स्ट्रक्चर बनाने का कार्य प्राथमिकता से कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य के भू-जल समस्या मूलक 24 विकासखण्डों में नाला उपचार सहित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पंचायत एवं ग्रामीण विकास को नई जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को बस्तर अंचल में ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्य में स्थानीय युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कहीं, ताकि निर्माण कार्य को समयावधि में पूरा किया जा सके। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से स्वीकृत एवं निर्मित आंगनबाड़ियों को मुख्यमंत्री ने आकर्षक रूप से रंग-रोगन और वहां बच्चों के लिए खेल सुविधाएं सुलभ कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के विकास, महिला समूहों द्वारा संचालित आय मूलक गतिविधियों में मदद एवं मार्गदर्शन के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को नोडल की जिम्मेदारी सौंपी।

ईडी ने चीन के लिए जासूसी के आरोपी पत्रकार शर्मा को किया गिरफ्तार

■ **मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई गिरफ्तारी**

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग प्रिवेंशन एक्ट (पीएमएलए) के तहत दिल्ली के एक स्वतंत्र पत्रकार राजीव शर्मा को गिरफ्तार किया है। उन पर पैसों के बदले चीनी खुफिया अधिकारियों को गोपनीय और संवेदनशील जानकारी मुहैया कराने का आरोप है।

ईडी से पहले दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने राजीव शर्मा को केंद्रीय खुफिया एजेंसी की सूचना के आधार पर पिछले साल 14 सितंबर को गिरफ्तार किया था। कथित तौर पर गिरफ्तारी के दौरान उनके पास से रक्षा मंत्रालय के गोपनीय दस्तावेज मिले थे। पुलिस ने पत्रकार से पूछताछ के बाद एक चीनी महिला और उसके नेपाली सहयोगी को भी गिरफ्तार किया था।

राजीव शर्मा की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली पुलिस ने दावा किया था कि रक्षा संबंधी अहम गोपनीय सूचनाएं चीनी खुफिया एजेंसी को देकर उन्होंने डेढ़ साल में 40 लाख रुपये कमाए थे। राजीव शर्मा को प्रत्येक सूचना के बदले 1000 डॉलर मिलते थे। स्पेशल सेल के डीसीपी संजीव कुमार यादव ने बताया था कि राजीव शर्मा चीनी अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री बघेल ने अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी सेंटर का किया शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज सवेरे यहां अपने निवास कार्यालय से भिलाई के नेहरू नगर में अत्याधुनिक सुविधाओं से लेस फिजियोथेरेपी सेंटर का वर्चुअल शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर इस सेंटर के संचालक श्री अविनाश कुशवाहा सहित उपस्थित सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिजियोथेरेपी का महत्व अस्पतालों से लेकर खेल के मैदानों तक है। कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी के दौरान फिजियोथेरेपी से मरीजों को काफी मदद मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सेंटर में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ दुर्ग और भिलाई के नागरिकों को मिलेगा। इस अवसर पर कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन भी उपस्थित थे।

यूनियन बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक रूप लाल मीना का 4 जुलाई को नगरागमन

रायपुर। यूनियन बैंक ऑफइंडिया के मप्र एवं छत्तीसगढ़ के अंचल प्रमुख एवं क्षेत्र महाप्रबंधक श्री रूप लाल मीना का रायपुर मे दिनांक 04 जुलाई को प्रथम आगमन हो रहा है। वे तीन दिनों के छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे जिसमें वे रायपुर एवं बिलासपुर क्षेत्र का दौरा करेंगे। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के लिए श्री मीना जी का दौरा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वे इस दौरान खुदरा ऋण वितरण समारोहध्शिविरए शाखा प्रबन्धकों की समीक्षा बैठकए विशिष्ट ग्राहकों के साथ बैठकए वित्तीय समावेशन की समीक्षाए शाखाओं का निरीक्षण इत्यादि कार्यक्रमों मे सम्मिलित होंगे। रायपुर क्षेत्र के क्षेत्र प्रमुख श्री एण् केण् दास ने बताया है कि यूनियन बैंक ऑफइंडिया छत्तीसगढ़ राज्य में समग्र विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है एवं दो और बैंकों के विलय के पश्चात एक वृहद बैंकिंग संस्थान के रूप मे सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

हादसे में मिल्क वैन के ड्रायवर की मौत मंत्रियों के बंगलों के करीब हुई घटना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शनिवार सुबह एक हादसा हो गया. यहां शंकर नगर जाने वाली कैनाल रोड पर भारत माता चौक के करीब पिकअप वाहन और कार की जबरदस्त टक्कर हो गई. पिकअप वाहन देवभोग दूध कंपनी की गाड़ी थी, जिसके सामने के कुछ हिस्सों के परखच्चे उड़ गए. उसमें मदर डेयरी का दूध रखा हुआ था, जो हादसे में सड़कों पर पसर गया. वहीं कार को भी थोड़ा बहुत नुकसान पहुंचा है. बुरी खबर ये है कि हादसे में मिल्क वैन के ड्राइवर की मौत हो गई. घटना कैसे हुई, और इसमें गलती किसकी है इसे लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता. जहां ये हादसा हुआ है वो जगह रायपुर का वीआईपी इलाका है।

हेलमेट गैंग दंपति ने एक परिवार को बंधक बनाकर लूटे लाखों के जेवर

रायपुर/नवप्रदेश। डीडी नगर थाना क्षेत्र के सरोना स्थित सालासर ग्रीन्स में रहने वाले एक परिवार को बंधक बनाकर जेवर लूटने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज को देखे तो उसमें एक युवक व महिला हेलमेट पहने जाते हुए दिख रहे है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है। सालासर ग्रीन्स के फ्लैट नंबर एफ605 में रहने वाली महिला धर्मशीला ने थाना में शिकायत किया कि शुक्रवार को करीब साढ़े 4 बजे उसके घर का डोर बेल बजा उस वक्त वह अपने पुत्र तनिष्क के साथ घर में मौजूद था। तभी घर के दरवाजे में खड़े युवक-युवती ने वैक्सीन की डोज लगवाने के बारे में बात करती है। जिसके बाद पीने के लिए पानी की मांग करते थे। जिस पर प्रार्थिया धर्मशीला ने आईडी कार्ड पूछा तो आरोपियों ने जबरन घर के अंदर घुसकर उसके पुत्र तनिष्क के गर्दन पर चाकू अड़ा दिया और स्प्रे से महिला को बेहोश कर दिया। जिसके बाद आरोपियों ने रस्सी से महिला के हाथ पैर को बांध दिया। वहीं उसके पुत्र को बाथरूम में बंद कर आलमारी में रखे जेवरों पर हाथ साफकर दिया। जिसके बाद आरोपी दंपत्ति वहां से भाग निकले। आरोपियों के जाने के बाद महिला ने आवाज लगाई तो पड़ोसियों ने आकर दरवाजा खोला।

बेटी की शादी में कर्ज हो जाने का झांसा देकर साढू से ठग लिए 8 लाख रुपये

रायपुर/नवप्रदेश। बेटी की शादी में लाखों रुपये का कर्ज होने का झांसा देकर अपने साढू से 8 लाख रुपये लेकर धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट सिविललाईन थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार अवन्ति विहार तेलीबांधा निवासी राजु रामटेके 55 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 21 दिसंबर 2015 में प्रार्थी का साढू भूषण खतारे प्रार्थी के घर आकर उसने बेटी के शादी में ज्यादा कर्ज हो गया है उसे चुकाना है कहकर 8 लाख रुपये उधार लिया। उधार के पैसों के बदले छिंदवाड़ा में अपनी जमीन का कुछ हिस्सा प्रार्थी के नाम रजिस्ट्री कर देने की बात कही थी। जिसके बाद पीड़ित ने अपने साढू को 8 लाख रुपए दे दिए थे। आरोपी ने जमानत के तौर पर बतौर अपना चेक एवं बैंक की पास बुक दे दी थी। इस बात से संतुष्ट होने पर राजू ने रकम की देनदारी की नोटरी भी कराई थी। मगर पैसे उधार लेने के बाद आज तक पीड़ित का साढू भूषण ने रकम वापस नही की। आरोपी ने पीड़ित से आठ लाख रुपए उधार लेकर फरार हो गया है।

नगदी, मोबाईल व स्कूटी लूटकर भागने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। दो अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति का मोबाईल,स्कूटी एवं नगदी रुपये लूटकर भाग गए। मामले की रिपोर्ट खम्हारडीह थाना पुलिस ने छह घंटे के भीतर ही आरोपियों को धरदबोचा है और लूटे गए सामानों को भी बरामद कर लिया है।मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंगबोर्ड कालोनी कचना निवासी देवराज बाग 33 वर्ष पिता काशी बाग ने थाने में शिकायत दर्ज करायी थी कि गुरुवार की देर रात अपनी स्कूटी खड़ी कर कचना पेट्रोलपंप के पास मोबाईल पर बात कर रहा था। तभी 2 अज्ञात लडके आकर किससे बात कर रहा है कहकर डरा-धमका कर मारपीट कर एक सेमसंग मोबाईल व पर्स जिसमें नगदी 350 रुपये तथा स्कूटी क्रमांक सीजी12 एबी 6688 को लूट कर भाग गए।

2 रू किलों में गोबर खरीदी और 10 रू में किसानों को वर्मी कम्पोस्ट

- रमन सिंह और भाजपा इन योजनाओं को लेकर भ्रम फैलाने और गुमराह करना बंद करें
- रमन सिंह कांग्रेस सरकार को कैसे किसान विरोधी कह सकते है
- किसान विरोधी तो स्वयं रमन सिंह और भाजपा की सरकारें हैं

छत्तीसगढ़ की किसान हितैषी सरकार की अद्भूत सफल जनतिहकारी योजना

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और वरिष्ठ विधायक धनेन्द्र साहू ने किसानों, पशुपालको और मजदूरों से 2रू. किलों में गोबर खरीदने की छत्तीसगढ़ सरकार की अद्भुत सफल एवं जनहितकारी योजना को लेकर भ्रम फैलाने और गुमराह करने का कड़ा प्रतिवाद करते हुये कहा है कि दरअसल रमन सिंह को खेती किसानी, गांव, गरीबों की समझ ही नहीं है। वे गोबर और वर्मी कंपोस्ट में अंतर ही नहीं समझ पा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में देश में सबसे अच्छा वर्मी कम्पोस्ट किसानों को दिया जा रहा है। वर्मी कम्पोस्ट के बारे में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह का बयान गौपालक गोठान समूह में कार्यरत किसान मजदूर और महिला स्व-सहायता समूहों की मेहनत का अपमान है। रमन सिंह को न कभी गांव, गरीबों, मजदूरों, किसानो, गौपालको की चिंता रही है, और न ही वे छत्तीसगढ़ की संस्कृति, छत्तीसगढ़ की परंपरा, रीति-रिवाज और खेती किसानी को समझते है। रमन सिंह को तो यह भी नहीं पता कि गोबर से वर्मी कंपोस्ट बनता कैसे हैं? वर्मी कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया क्या है? गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनने में क्या-क्या बदलाव होते हैं और यह वर्मी कंपोस्ट खेतों में जाकर क्या काम करता है? अगर रमन सिंह जी में यह समझ होती तो वे वर्मी कम्पोस्ट के खिलाफ ऐसा गलत एवं तथ्यहीन बयान जारी नहीं करते।

कभी नीम सोना की तो कभी नीम रत्न

पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और वरिष्ठ विधायक धनेन्द्र साहू ने कहा है कि यदि छत्तीसगढ़ ऑर्गेनिक खेती की ओर बढ़ रहा है तो भाजपा और रमन सिंह को तकलीफक्यों हो रही है? छत्तीसगढ़ में किसानों को बाध्य करने का काम रमन सिंह 15 साल के शासनकाल के समाप्त होते ही बंद हो चुका है। बल्कि वर्मी कंपोस्ट के लाभ को प्रचारित कर ऑर्गेनिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। बाध्यता तो रमन सिंह के 15 साल के समय में थी जब कमीशनखोरी के चलते कभी नीम सोना की तो कभी नीम रत्न में जैसे उत्पादों के लिये बिना यूरिया और डीएपी किसानों को नहीं दिया जाता था। आज भूपेश बघेल सरकार में किसानों पर कोई दबाव नहीं। दरअसल पूंजीपतियों के समर्थक रमन सिंह और भाजपा गांव, गरीब, किसान और गौपालको की समृद्धि को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे है। भाजपा का मूल चरित्र ही किसान विरोधी है, गरीब विरोधी है।

गोबर से वर्मी कम्पोस्ट

गोठान समिति के द्वारा दो रुपए किलो गोबर का भुगतान होता है और गोबर से वर्मी कम्पोस्ट गोठान समिति के सदस्यों के साथ मिलकर महिलाओं की स्व-सहायता समूह के 45 दिन के मेहनत भरी प्रक्रिया के बाद बनता है। प्रक्रिया के उपरांत 45 दिन बाद तैयार वर्मी कंपोस्ट को फिर पैकिंग करके खेतों तक पहुंचाने की व्यवस्था गोठान समूह और स्व-सहायता समूह के द्वारा की जाती है। उसके बाद वर्मी कम्पोस्ट का 10 रूपये किलो मिलता है। रमन सिंह के 15 साल के शासनकाल में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के चलते हॉर्टिकल्चर और फॉरेस्ट विभाग में सरकारी उपयोग के लिए वर्मी कंपोस्ट बाहरी एजेंसियो से खरीदा जाता रहा। दलालों और बिचौलियों के माध्यम से बाहर की कंपनियों से खरीदी होती थी। स्थानीय मजदूर, किसान और गरीबों को न काम मिलता था न ही कोई लाभ। भाजपा के 15 साल के कुशासन में केवल कमीशन खोरी और घोटाले के षड्यंत्र ही रचे जाते रहे।

बिलासपुर की युवती ने रायपुर के एम्स में लगाई फांसी

रायपुर। राजधानी रायपुर में एम्स की छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। युवती बीएससी पैरामेडिकल फर्स्ट इयर की छात्रा थी। मृतका की शिनाख्त साक्षी दुबे के रूप में हुई है, ये पूरा मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक साक्षी दुबे बिलासपुर की रहने वाली है। रायपुर एम्स में बीएससी पैरामेडिकल की पढ़ाई कर रही थी। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट मिला है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आमानाका थाना पुलिस ने बताया कि एम्स के हॉस्टल में छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। मृतका बीएससी पैरामेडिकल प्रथम वर्ष की छात्रा थी, जो मूलतः बिलासपुर जिले की रहने वाली है। कल देर रात छात्रा ने फांसी लगाई है। सुबह दरवाजा न खोलने पर उसके साथियों ने पुलिस प्रबंधन को सूचना दी है।

यूनिक लैंड पार्सल आईडेंटिफिकेशन शुभारंभ कबीरधाम जिले के ग्राम अगरीकला से

रायपुर/नवप्रदेश। यूनिक लैंड पार्सल आईडेंटिफिकेशन नंबर (यूएलपीआईएन) योजना के द्वारा अब जिला, तहसील, राजस्व निरीक्षक मंडल एवं ग्राम का चयन किए बिना ही सीधे भूखंड की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पूर्व में भूखंड की पहचान जिला, तहसील, राजस्व निरीक्षक मंडल और ग्राम के कॉम्बिनेशन से प्राप्त खसरा नंबर से होती थी। इस योजना का वर्चुअल विधिवत उद्घाटन राजस्व सचिव छत्तीसगढ़ सुश्री रीता शांडिल्य सचिव श्री अजय तिर्की और अतिरिक्त सचिव श्री हुकुम सिंह मीणा, भूमि संसाधन ग्रामीण विकास मंत्रालय केन्द्र सरकार की उपस्थिति में किया गया। इस योजना के शुभारंभ के लिए कबीरधाम जिले के ग्राम अगरीकला का चयन किया गया है।

यूनिक लैंड पार्सल आईडेंटिफिकेशन नंबर योजना के संबंध में बताया गया कि प्रत्येक भूखंड के जियो-रिफरेंस लैट्टियूड या लांगिट्यूड कोर्डिनेंट्स के आधार पर कम्प्यूटरीकृत 14 अंकों का यूनिक आईडी ऑटोजनरेट होता है। प्रत्येक भूखंड को यूएलपीआईएन नंबर दिए जाने से भूखंड से संबंधित समस्त जानकारी एक ही नंबर से प्राप्त की जा सकेगी। जियो रिफरेंस के साथ प्रत्येक भूखंड के यूएलपीआईएन नंबर दिए जाने से भूखंड की वास्तविक स्थिति आसानी से उपलब्ध होगी।

मोदी सरकार छग को वैक्सीन देने में कर रही है भेदभाव

रायपुर/नवप्रदेश। मोदी सरकार ने जुलाई माह के वैक्सीन आबंटन में छत्तीसगढ़ के मांग में 76 लाख डोज वैक्सीन कम कर दी। कांग्रेस ने इसे वैक्सीन देने में भेदभाव और पक्षपात निरूपित किया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए जुलाई माह में एक करोड़ वैक्सीन डोज देने की मांग मोदी सरकार से की गयी थी। लेकिन दुर्भाग्य की बात है वैक्सीन देने में भी मोदी भाजपा की सरकार भेदभाव कर रही है। छत्तीसगढ़ की मांग के विपरीत जाकर लगभग 76 लाख डोज वैक्सीन की कटौती कर दी गई है।

यह छत्तीसगढ़ के आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। छत्तीसगढ़ के नागरिकों को प्रथम एवं सेकंड डोज लगाने के लिए अब तक हुये वेक्सीनेशन के पश्चात लगभग 3 करोड़ 44 हजार 362 वैक्सीन डोज की आवश्यकता और है। लेकिन जुलाई माह में मोदी सरकार मात्र 24 लाख 1 हजार के लगभग वैक्सीन का आबंटन छत्तीसगढ़ के लिए किया है। भाजपा शासित राज्यों को मांग के अनुसार एवं अतिरिक्त वैक्सीन डोज की सप्लाई की जा रही है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने पूछा है कि छत्तीसगढ़ में वैक्सीनेशन को लेकर घड़ियाली आंसू बहाने वाले भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक एवं भाजपा के 9 सांसद, 2 राज्यसभा सदस्य मोदी सरकार के द्वारा वैक्सीन देने में किए जा रहे भेदभाव पर मौन क्यों हैं? भूपेश बघेल सरकार छत्तीसगढ़ के 18 प्लस वाले 1 करोड़ 6 लाख 28 हजार 2 सौ 12 एवं 45 साल वाले 11 लाख लोगों को जल्द से जल्द वैक्सीन का प्रथम डोज लगाने का प्रयास कर रही है इस पर मोदी सरकार वैक्सिन की आपूर्ति बाधित कर क्यो अड़ंगा लगा रही है? पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह एवं भाजपा सांसदों को छत्तीसगढ़ की जनता को बताना चाहिए कि वैक्सीन देने में किये जा रहे भेदभाव को लेकर मोदी सरकार से विरोध क्यों नहीं किया है?

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि महामारी की तीसरी लहर के पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार छत्तीसगढ़ के शत-प्रतिशत जनता को वैक्सीन का प्रथम डोज लगाने का प्रयास कर रही है छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन 4 लाख हितग्राहियों को वैक्सीन की डोज लगाने की क्षमता है लेकिन मोदी सरकार के वैक्सीन देने में पक्षपातपूर्ण रवैये के चलते छत्तीसगढ़ के नागरिकों को वैक्सीन के लिए भटकना पड़ रहा है और भाजपा के नेता मौन रहकर मोदी सरकार के वैक्सीन देने में भेदभाव का का समर्थन कर रहे हैं।

मनरेगा से बने डबरी से मिला सिंचाई का साधन, सब्जी की खेती से गोपाल ने बढ़ाई कमाई

रायपुर/नवप्रदेश। कई बार महज एक साधन आपकी समस्या रुपी ताले की चाबी बन जाता है। ऐसी ही एक चाबी कोरिया जिले के किसान श्री गोपाल सिंह के हाथों लग गई है। इस चाबी से उन्होंने खुद का सिंचाई का साधन न होने की समस्या रुपी ताले को खोल लिया है। मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) से गोपाल के खेत में निर्मित डबरी ने उसे सब्जियों की खेती की कुंजी दे दी है जिसकी कमाई से परिवार की आमदनी लगातार बढ़ रही है। डबरी खुदाई के बाद उनके खेतों में हरियाली अब दूर से ही नजर आने लगी है। इस साल आई पहली बारिश से डबरी में जमा हुए पानी से गोपाल की सब्जियों की नई फसल बिकने को तैयार हो गई है। भिंडी और बरबट्टी की पैदावार के बाद अब जल्दी ही मनेन्द्रगढ़ के बाजारों में उनके उगाए मिर्च और बैगन भी नजर आएंगे।

मनरेगा से खेत में डबरी खुदाई के बाद कोरिया के मनेन्द्रगढ़ विकासखण्ड के डंगौरा में रहने वाले गोपाल अब अकुशल रोजगार की चिंता से मुक्त हो गए हैं। खुद का सिंचाई का साधन विकसित हो जाने से उनकी कई समस्याओं का एक साथ निदान हो गया है। पहले सिंचाई की सुविधा नहीं होने से वे अपने दो एकड़ खेतों के लिए पाइप लगाकर दूर नदी से पानी लाते थे। इसमें काफी समय और श्रम लगता था। असामाजिक तत्वों द्वारा कभी पाइप या तार काट देने से आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ता था। डबरी बन जाने से इन परेशानियों से मुक्ति मिल गई है। अब गोपाल के खेतों में पर्याप्त हरियाली है। सब्जियां बेचकर वे परिवार की जरूरतों को आसानी से पूरा कर रहे हैं। इस साल अप्रैल-मई में लॉक-डाउन के दौरान उन्होंने हर सप्ताह तीन से चार हजार रूपए की सब्जी बेची। अब बारिश के मौसम की अग्रिम खेती से भी उन्हें हर सप्ताह दो से ढाई हजार रूपए का लाभ मिलना शुरू हो गया है।

छग राज्य ओपन की हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी की मुख्य एवं अवसर परीक्षा वर्ष

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर के हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी की मुख्य एवं अवसर परीक्षा वर्ष 2021 की परीक्षाओं में नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के कारण छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा के संबंध में निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के सचिव प्रोफेसर व्ही. के. गोयल ने आज यहां बताया कि हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी की परीक्षा में सम्मिलित ऐसे छात्र जिन्होंने उन विषयों का चयन किया है जिसमें प्रायोगिक परीक्षायें होती है उनकी प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित नहीं की जायेगी। उनके सैद्धांतिक परीक्षा में पूर्णांक 75 अंक में प्राप्त अंकों को अनुपातिक रूप से पूर्णांक 100 अंकों के आधार पर प्राप्तांक प्रदान किये जायेंगे।

आंगनबाड़ी केंद्रों में 7 से 16 जुलाई तक वजन त्यौहार का आयोजन

कलेक्टर ने पार्षदों और सरपंचों से सहयोग की अपील की

जोनल और नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण सत्र आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। बच्चों को कुपोषण से निजात दिलाने की दृष्टि से आगामी 7 से 16 जुलाई तक रायपुर जिले के सभी 1882 आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। वजन त्यौहार के तहत 11 से 18 वर्ष की सभी किशोरी बालिकाओं का हिमोग्लोबिन टेस्ट तथा इनका वजन एवं ऊंचाई का मापन करते हुए बी.एम.आई. भी निकाला जाना है।

कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने इस संबंध में रायपुर जिले के सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के पार्षदों और ग्राम पंचायतों के सरपंचों से अपील की है कि वे अपने वार्ड क्षेत्र तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र के सभी 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों का वजन आगनबाड़ी केंद्र पर कराए तथा किशोरी बालिकाओं के हिमोग्लोबिन जांच हेतु लोगों को जागरूक करने तथा सहभागिता सुनिश्चित करने में सहयोग दें।

बैठक | जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न

मनरेगा कन्वर्जेंस से कराए ग्रामीण विकास के काम : सोनी

रायपुर/नवप्रदेश। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आज यहां कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में समिति के अध्यक्ष एवं सांसद श्री सुनील सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। श्री सोनी ने कहा कि मनरेगा कन्वर्जेंस से ग्रामीण विकास के कई महत्वपूर्ण काम कराए जा सकते हैं। इससे गांव में रोजगार के अवसर भी उत्पन्न किए जा सकते हैं। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को सही समय पर शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री सोनी ने कोविड 19 की संभावित तीसरी लहर के प्रभाव और इसके रोकथाम करने की दृष्टि से जिले में की गई प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत हितग्राहियों को लाभांवित करने को कहा। उन्होंने हाईवे से लगे गांवों में भी सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था करने तथा वहां पानी और स्वीपर की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता का परीक्षण भी सतत रूप से करने को कहा।

रेलवे ट्रैक के पास बसे लोगों को व्यवस्थापित करने की चर्चा

उन्होंने स्वीकृत कार्यों तथा अगर किसी कारणवश स्वीकृत कार्य निरस्त होते है तो इसकी जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आवश्यक रूप से देने को कहा। उन्होंने रेलवे ट्रैक के समीप बसे लोगों को भी व्यवस्थापित करने के संबंध में चर्चा की।

बैठक में मनरेगा ,दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, अंत्योदय योजना, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूअर्बन मिशन ,ग्राम सड़क योजना, सामाजिक पेंशन योजना, आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन, स्वाइल हेल्थ कार्ड, राज्य कृषि विकास योजना, सर्व शिक्षा अभियान ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, डिजिटल इंडिया ,प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं समीक्षा की।

बैठक में विधायक एवं संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, विधायक एवं छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा, विधायकगण श्री सत्यनारायण शर्मा, विधायक बृजमोहन अग्रवाल, श्रीमती अनीता योगेंद्र शर्मा, प्रमोद शर्मा, नगर निगम के महापौर श्री एजाज ढेबर, जिला पंचायत रायपुर की अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष सहित कलेक्टर श्री सौरभ कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी, डीएफओ श्री विशवेस कुमार, नगर निगम रायपुर कमिश्नर श्री प्रभात मलिक, स्मार्ट सिटी रायपुर के अतिरिक्त प्रबंध संचालक श्री चंद्र कुमार वर्मा सहित विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

रोका छेका पुरातन संस्कृति से जुड़ा उपयोगी प्रबंधन : वर्मा

दुर्ग। पूर्व महापौर एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आरएन वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर गर्व होता है। जिन्होंने मुख्यमंत्री बनते ही छत्तीसगढ़ मे गांधी के सुराजी गांव योजना के तहत, गांवो को आत्मनिर्भर बनाने तथा छग में अपने पूर्वजों द्वारा बनाये गये अनेको महत्वपूर्ण एवं उपयोगी संस्कृति प्रबंधन एवं विरासतो को जिन्हें हमने भूला दिया था को लागू करवा रहे है। उसी का एक अंग है रोका छेका कार्यक्रम जिसे प्रभावी ढंग से लागू कराने मुख्यमंत्री लगे हुए है। रोका छेका अभियान से जहां गांवो में किसान अपने फसलों की सुरक्षा कर सकेगे। वही दूसरी ओर पशुधन को दुर्घटना एवं बीमारी से समय में बचाने में मददगार होगा। श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा गत वर्ष से चालू कराया गया। रोका छेका अभियान का प्रत्यक्ष रूप से आर्थिक एवं व्यवस्थागगत लाभ गांवो में एवं शहरो में दिखाई देने लगा है।

डेंगू का लार्वा मिला तो होगा जुर्माना निगम आयुक्त ने दिए निर्देश

भिलाई। घर, दुकान, ऑफिस या प्राईवेज हास्पिटलों में मच्छर का लार्वा मिला तो जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। डेंगू नियंत्रण अभियान के तहत बार बार समझाईश के बाद जलजमाव करने या लार्वा मिलने वाले घरो व दुकानों पर जुर्माने की कार्यवाही जारी है। बारिश के सीजन में जलजमाव की वजह मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, चूंकि डेंगू के मच्छर गंदे पानी के बजाय साफ पानी में पनपता है इसलिए घर के कूलरए छत पर रखे हुए पुराने बर्तन व टायर तथा दुकान व ऑफिस में जाम पानी की जांच की जा रही है। इन जगहों पर जांच में डेंगू का लार्वा दिखे तो संबंधित पर सीधे जुर्माना लगाने के निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया है। डेंगू से बचाव के लिए निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर रविवार डेंगू पर वार अभियान छेड़ा है। नागरिकों से सप्ताह में एक दिन घर के आस पास सफाई और पात्रों में भरे हुए पानी की सफाई कराया जाएगा। इसके बाद भी कहीं पर जलजमाव करने जहां लार्वा उत्पत्ति की संभावना हो तो जुर्माना की कार्रवाई करने के लिए निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने निर्देश दिए है। डेंगू, मलेरिया, व फाईलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों से निपटने के लिए प्रशासनिक सख्ती जरूरी है। वेक्टर जनित रोग डेंगू से बचाव के लिए निगम का अमला घर घर जाकर कूलर का पानी की जांच, टेमिफॉस छिड़काव किया जा रहा है। मच्छरों के काटने से होने वाले डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव हेतु जागरूकता जरुरी।

डायवर्सिटी पार्क के लिए विधायक ने वनमंत्री अकबर से मांगे 1 करोड़

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर में 14 करोड़ की लागत से बन रहे ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट के साथ ही बांध से लगे हुए क्षेत्र में ही दुर्ग भिलाई के बीचोबीच आम जनता को बायो डायवर्सिटी पार्क के रूप में 250 एकड़ का एक और मनोरंजन स्थल की सौगात मिलने जा रही है। काफी लंबे समय से उपेक्षित रहे क्षेत्र में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पहल करने के साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने पूरी सक्रियता से पार्क के विकास का बीड़ा उठाया है। पखवाड़े भर में ही दो बार दौरा करने के बाद उन्होंने पार्क में मनोरंजन एवं आमोद प्रमोदए स्वास्थ्य लाभ एवं पर्यावरण सुधार की संभावनाओं को देखते हुए इस संबंध में वन मंत्री मोहम्मद अकबर से मुलाकात कर वहां के संसाधनों को विकसित करने के लिए 1 करोड़ रु की राशि स्वीकृत करने का आग्रह करते हुए कहा कि दुर्ग और भिलाई के मध्य में स्थित होने के कारण दोनों ही क्षेत्र की जनता को शहर के मध्य में वन क्षेत्र जैसा अनुभव और स्वच्छ प्राकृतिक वातावरण का अहसास मिल सकेगा। डायवर्सिटी पार्क में विकास करने की अपार संभावनाएं हैं जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ की वन एवं वनांचल संस्कृति की जानकारी देने म्युज़ियमए पाथवे युक्त वाकिंग ट्रैकए ओपन जिम एवं चिल्ड्रन पार्क का निर्माण करने से लोगों का आकर्षण बढ़ेगा। वन मंत्री ने विधायक वोरा को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही राशि स्वीकृत कर शहरी क्षेत्र में स्थित वन क्षेत्र का विकास किया जाएगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विशेष निर्देश पर राज्य में कई स्थानों पर शहरी वन विकसित किए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत दुर्ग में भी बायो डायवर्सिटी पार्क बनाया जा रहा है जहां 250 एकड़ में फैले इस क्षेत्र में वेटलैंड की वजह से अनेक प्रवासी पक्षियों का भी बसेरा होगा जिनकी बसाहट एवं ब्रीडिंग के लिए पूरे सरोवर में फेंसिंग कराई जा रही है। पार्क में ओपन थिएटरए लोटस पौंड एवं तालाबों में बोटिंग की भी व्यवस्था की जाएगी। भविष्य में यह पार्क पैराडाइस फ्लाई कैचरए ग्रे हर्निबल और व्हिसलिंग डक्स जैसे पक्षियों का आशियाना बनेगा। साथ ही मेमोरियल कॉर्नर में लोग अपने परिजनों के नाम से वृक्षारोपण कर प्रियजनों की स्मृतियां सुरक्षित रख सकेंगे।

साइकिल यात्रा के दौरान राज्य शासन का वन होम, वन ट्री अभियान आरंभ

महापौर पहुंचे तकियापारा व शिक्षक नगर, लिया जायजा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम महापौर धीरज बाकलीवाल ने आज वार्ड 7 और 8 शिक्षक नगर एवं तकियापारा क्षेत्र के अलावा लुचकीपारा बस्ती और तकियापारा की गली गली घूमकर समस्याओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित कर कहा बारिश शुरू हो गई है वार्ड के सड़कों परएसड़क किनारे पानी का भराव ना हो उसका निराकरण करने निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान शहर अध्यक्ष गया पटेल, लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी, स्वास्थ्य प्रभारी हमीद खोखर, पार्षद मनदीप सिंह भाटिया, पार्षद बिजेंद्र भारद्वाज, एल्डरमेन रत्ना नारमदेव, विजयन्त पटेल आदि नागरिक उपस्थित थे। उन्होंने मोहल्ले के कुछ जगहों पर नाली में सफाई नही होने के कारण पानी की निकासी नहीं होने से सड़कों मे भर जाता है पानी उन्होंने बस्ती में छोटी नाली और बड़ी नालियों में गेंग लगाकर सफाई करवाएं। साइकिल से वार्ड 7 और 8 पहुंचे महापौर ने लुचकी पारा बस्ती और पकिया पारा मोहल्ला के गलियों में घूमघूम कर सड़कों और नालियों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने वार्ड इंजीनियरों को निर्देशित कर कहा की वार्डो में इस तरह की समस्या क्यों आ रही है। महापौर बाकलीवाल ने कहा बारिश के समय सड़कों और नालियों की किनारे झाड़ियां उग आती है जिससे बारिश का पानी जाम होने की स्थिति बनती है ऐसे जगहों की साफ सफाई तत्काल कराएं उन्होंने स्लम बस्ती और मोहल्लों में घंटो रहकर वार्ड के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। महापौर बाकलीवाल निरंतर वार्डो का दौरा कर रहे है।

अखिलेश अध्यक्ष व गोपीनाथ बने सचिव

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। डा. अखिलेश यादव एवं रोटेरियन राजीव गोपीनाथ ने प्रतिष्ठित रोटरी क्लब भिलाई स्टील सीटी के अध्यक्ष एवं सचिव के रूप में कार्यभार संभाला। हर वर्ष 1 जुलाई से रोटरी इन्टरनेशनल क्लब का विधिवत नया सत्र प्रारम्भ होता है। इस वर्ष का रोटरी थीम है। सचिव राजीव ने बताया कि रोटरी क्लब भिलाई स्टील सिटी इस महामारी के समय जरूरत मंदों व गरीबों की मदद करने का हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब भिलाई स्टील सिटी दृष्टीहीन बच्चों को पढ़ाने के लिए जिले का एक मात्र विद्यालय नयनदीप विध्या मंदिर का संचालन करती है जिसमे करीब 27 दृष्टिहीन बच्चे अध्ययनरत है। इस प्रतिष्ठित क्लब से संबद्ध 12 इन्टरेक्ट क्लब एवं 4 रोटरेक्ट क्लब मिलाई.दुर्ग मे कई सामाजिक व जागरुकता अभियान क्लब के मार्गदर्शन मे कर रही है। डा. यादव एवं समस्त नवगठित कार्यकारिणी को पूर्व अध्यक्ष साजन जेम्स, राजदीप सेन, एस सजीव, सीएस बाजवा, पीएस बिंद्रा, उमेश सिंह, संतोष राय, अमित श्रीवास्तव, विकास सिंहा, रमेश पटेल, लालवानी, एमसी जैन, विक्रम दुबे, आरके हान्डा, ब्रिजेश एवं समस्त रोटरी सदस्य ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

एसआर हॉस्पिटल में 251 कोरोना वारियर्स का सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। डॉक्टर्स डे के अवसर पर एसआर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर चिखली में कोरोना संक्रमित मरीजों की सेवा करने वाले मेडिकल स्टाफ का सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान धन्वंतरि की विधिवत पूजा अर्चना कर की गई। वैश्विक महामारी कोविड.19 के दौरान 24 घंटे कोरोना संक्रमित मरीजो को सेवाए प्रदान करने वाले समस्त स्टाफ एवं डॉक्टरों का सम्मान प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, बैच लगाकर पुष्प भेंट कर किया। समारोह का आयोजन अस्पताल परिसर में किया गया। एसआर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर चेयरमैन संजय तिवारी के द्वारा प्रत्येक कोरोना वारियर्स को स्वयं के हाथों सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए डॉक्टर सुगम सावंत ने कहा कि इस वैश्विक महामारी से लोगों को बचाने में करीबन 800 चिकित्सकों के द्वारा अपनी जान गवाई हैं इसके अलावा पैरामेडिकल स्टाफ फ्रंटलाइन वर्कर्स निगम कर्मचारी पुलिस प्रशासन के द्वारा भी बहुत कुछ खो कर लोगों की प्राणों की रक्षा करने में अथक परिश्रम यह है इसे ध्यान में रखकर नागरिकों को चाहिए कि भविष्य में भी कोविड.19 प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य रूप से करें। चेयरमैन तिवारी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर्स डे समारोह देश के महान चिकित्सक एवं पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री डॉ विधान चंद्र राय की जयंती के अवसर पर आयोजित किया जाता है। अस्पताल में प्रत्येक डॉक्टर सहित पैरामेडिकल स्टाफ ने दिन और रात अथक प्रयास करके अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचने वाले एक एक मरीज की जान बचाने के लिए संघर्ष किया है। डॉक्टर्स डे के अवसर पर इन सभी कोरोना वारियर्स डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की सराहना करते हुए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉक्टर सतीश मेश्राम, डॉ. लाल मोहम्मद, डॉ. केडी तिवारी, डॉ. शुभम सावंत, डॉ. एपी सावंत, डॉ. अखिलेश यादव, डा. मनीष खरे, डा. बलराम साहू, डा. दिनेश सिंह, डॉ दीपक सिन्हा, डॉ विवेक शर्मा, डॉ. सुशांत कांडे, डॉ. अनुपम लाल, डा. धर्मवीर चंद्राकर, डा. यतींद्र देवांगन, डा. बसंत चौरसिया, डा. सिद्धार्थ बनर्जी, डॉ. विश्वामित्र दयाल, डा. पार्थ शंकर का सम्मान पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं बैच लगाकर किया। इसके अलावा कोरोना वारियर्स में चेतना शुक्ला, प्रियेश मिश्रा, डॉ. अश्वनी शुक्ला, डा. संदीप ओझा, डॉ. मधुकर, डॉ. पार्थो शंकर चक्रवर्ती, डा. प्रेम चंद्राकर, आशा कुटे, हरिकुमार साहू, सुचित्रा पैकरा, संतोषी ठाकुर, पार्वती सिंह, नूतन वर्मा, श्रद्धा निशी मांडले, तारा पटेल, धर्मेंद्र देवांगन एवं धमधा दुर्ग तथा भिलाई क्षेत्र की अनेक मितानिनों का सम्मान किया गया।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती देवहूति साहू पति बृजभूषण लाल साहू निवासी ग्राम केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 631/1 का टु. रकबा 0.0110 हे. भूमि को विक्रेता श्रीमती भारती गुप्ता पति डॉ. स्व. विजय सिंह गुप्ता निवासी ग्राम आपापुरा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 18.03.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नरेन्द्र कुमार साहू व अन्य पिता स्व. कुंजराम साहू निवासी वार्ड 56 उरला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 198/4, 418/1, 513/1 589, 679, 246/4 रकबा 0.1950, 0.087, 0.0120, 0.1050, 0.2550, 0.056 हे. कुंजराम साहू व श्रीमती बिमला साहू के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 11.04.2021 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12.07.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेश आ. अनुभन्तो साकिन भिलाई द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 19/22 रा.नि.मं. दुर्ग-01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 843/11 रकबा 0.0200 हे. जो उसके स्व. अनुभन्तो के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि का नाम विलोपित किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 16.07.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

